केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
CENTRAL POLLUTION CONTROL BOARD
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार.
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE, GOVT. OF INDIA.

फा.सं.ओएल-13014/2/2021-ओएल-एचओ-सीपीसीबी-एचओ/469 दिनांकः12.12.2024

कार्यालय आदेश

विषयः माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए जाने वाले राजभाषा संबंधी निरीक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं को पूरा करने हेतु समिति का गठन।

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति द्वारा दिनांक 26.12.2024 तथा दिनांक 27.12.2024 को दिल्ली तथा आस-पास स्थित केंद्र सरकार के कुल 20 कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों/ का किया जाना नियत किया गया है। उक्त निरीक्षण से संबंधित कार्यों एवं व्यवस्थाओ आदि का सफलतापूर्वक निष्पादन करने के लिए इस कार्यालय को समन्वय कार्यालय के रुप में नामित किया गया है।

2. ज्ञातव्य है कि माननीय संसदीय राजभाषा समिति एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति है। इस समिति के अध्यक्ष माननीय गृहमंत्री, श्री अमित शाह जी हैं तथा उपाध्यक्ष, श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य (लोकसभा) जी हैं। दिनांक 26 तथा 27 दिसंबर, 2024 को उपाध्यक्ष महोदय सहित राज्यसभा एवं लोकसभा के 10 अन्य सांसद सदस्यों द्वारा निरीक्षणाधीन कार्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा।

3. निरीक्षण से संबंधित सभी व्यवस्थाएं व अन्य समन्वय कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादन हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा श्री वी. पी. यादव, वैज्ञानिक 'एफ' को इस प्रयोजन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है तथा उनकी अध्यक्षता में निम्नानुसार एक समिति का गठन किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई हैः-

1.	श्री. वी.पी. यादव, वैज्ञानिक एफ	-	अध्यक्ष
2.	श्री दीनबंधु, गौड़ा, वैज्ञानिक एफ	-	सदस्य
3.	श्री शरणदीप सिंह, वैज्ञानिक ई	-	सदस्य
4.	श्री राकेश आहुजा, वरिष्ठ तकनीकी पर्यवेक्षक	-	सदस्य
5.	प्रभारी, वित्त एवं लेखा प्रभाग अथवा उनके नामिति	-	सदस्य
6.	प्रशासनिक अधिकारी (राजभाषा)	-	संयोजक सदस्य

अत: समिति की गरिमा को ध्यान में रखते हुए, समन्वय कार्यालय के रूप में तथा इस कार्यालय के निरीक्षण के संबंध में दिनांक 26-27 दिसंबर, 2025 को आयोजित निरीक्षण बैठक के लिए अन्य अनुसांगिक कार्यों के साथ-साथ मुख्यत: निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन करना हैः

1. निरीक्षण कार्यक्रम के लिए माननीय सांसदों के गरिमा के अनुकूलअच्छे स्तर का होटल बुक करना, जिसमें लगभग 150 लोगों के लिए सुबह का जलपान और लंच की व्यवस्था शामिल होगी।

2. समिति के सांसदों/अधिकारियों के लिए अच्छी स्थिति के वाहन (अधिमानत: सफेद फॉर्च्यूनर, इनोवा क्रेटा) की व्यवस्थाएं कराना।

क्रमशः.......

'परिवेश भवन' पूर्वी अर्जुन नगर, दिल्ली - 110032.
Parivesh Bhawan, East Arjun Nagar, Delhi - 110 032.
दूरभाष /Tel : 43102030, 22305792, वेबसाइट/Website: www.cpcb.nic.in

3. वैज्ञानिक-ई, डी, सी और बी एवं अनुभाग अधिकारी स्तर के शिष्ट एवं उत्तरदायी 15 अधिकारियों को प्रोटोकॉल अधिकारियों के रूप में चिहनित करना।

4. समिति के वाहनों में रखने के लिए सिंगल रोज बड, फ्रूट बास्केट (10 से 15 किलो प्रत्येक बास्केट), कैरी/ऑफिस बैग, टॉवल, कांच के पानी की बोतल, समाचार पत्र, सामूहिक बैकड्रॉप बैनरों और स्टेंडी की व्यवस्था कराना।

5. समन्वय कार्यालय की भूमिका में सामूहिक रूप से होने वाले व्यय के लिए अन्य निरीक्षणाधीन कार्यालयों से अंशदान का आकलन कर अंशदान प्राप्त करना प्राप्त करना तथा इसके लिए **उपयुक्त खाता बनाना तथा इसके लिए लेखा प्रभाग द्वारा यह राशि प्राप्त करने तथा व्यय हेतु आवश्यकतानुसार तत्काल राशि जारी जारी करने की व्यवस्था करना।**

6. इस बोर्ड के निरीक्षण के संबंध में माननीय समिति के सदस्यों/अधिकारियों के लिए उनके मर्यादानुकूल स्मृति चिह्न, शॉल, बैग आदि क्रय किए जाने की व्यवस्था करना।

7. निरीक्षण कार्य से सबद्ध अधिकारियों/कार्मिकों के लिए आवश्यकतानुरूप वाहन तथा अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था करना।

8. निरीक्षण स्थल पर निरीक्षण से संबंधित प्रदर्शनी (बैनर, हिंदी की पुस्तकें/पत्रिकाएं आदि) की व्यवस्था कराना।

9. सभी कार्यालयों के अधिकारियों के नामपट्ट और परिचय पत्रों (बैठक में शामिल होने वाले अधिकारियों और अन्य अधिकारियों के पृथक रंग के परिचय पत्रों) की व्यवस्था कराना।

10. समन्वय कार्य से सम्बद्ध व्यवस्थाओं और इस कार्यालय के निरीक्षण से सम्बद्ध यथावश्यक अन्य सभी अनुसांगिक व्यवस्थाओं का प्रबंध करना।

यह सदस्य सचिव महोदय की सहमति से जारी किया जाता है।

(अवधेश तिवारी)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

वितरणः

<u>उपर्युक्त अधिकारीगण</u>

प्रतिलिपि:

1.	अध्यक्ष महोदय के निजी सचिव	-अध्यक्ष महोदय के सादर सूचनार्थ।
2.	सदस्य सचिव के निजी सचिव	-सदस्य सचिव महोदय के सादर सूचनार्थ।
3.	प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग	-केंद्रीय बोर्ड की बेवसाइट पर अपलोड करवाने हेतु अनुरोध सहित।